# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–07 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित पंद्रह सौ दस अनुदेशकों को लखनऊ स्थित लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन रोजगार से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का संकल्प दिया है, इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार क्रियाशील है।

**उत्तर प्रदेश के अंदर पिछले आठ वर्ष के दौरान 8.5 लाख से अधिक नौजवानों को हम लोगों ने सरकारी नौकरियां उपलब्ध करवाने में सफलता प्राप्त की है। और हमारा प्रयास होता है कि किसी भी नौजवान को उत्तर प्रदेश के अंदर चयन की इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर भेदभाव का शिकार न होना पड़े, उसका किसी भी स्तर पर शोषण न हो, उसके साथ कोई भी भेदभाव न हो। उसकी योग्यता और उसकी क्षमता के अनुरूप उसे शासन के विभिन्न विभागों में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सके। इसके लिए इस निष्पक्ष प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ संपन्न करने में सफलता प्राप्त की है।**

इसी क्रम में जनपद बलरामपुर में 23, जौनपुर में 16, और बलिया में 16 नवचयनित अनुदेशकों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

**********

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ ने उत्तरप्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के और अधिक विकास के लिए कल राजधानी लखनऊ के अमौसी परिसर में एक सम्मेलन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य रक्षा अनुसंधान और विकास के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा स्टार्ट–अप के साथ साझेदारी करना था। आयोजन में, सौ से अधिक एमएसएमई, और स्टार्टअप ने भागीदारी की। डीआरडीओ के अध्यक्ष ने कहा कि डीटीटीसी की अवधारणा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विकसित की थी, जिसका लाभ उद्योगों को मिलना शुरु हो गया है।

**********

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। यह ग्रहण आज रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। इसकी अवधि भारत में 82 मिनट की होगी और चंद्र ग्रहण पाँच घंटे से अधिक समय तक रहेगा। चंद्र ग्रहण को पूरे भारत में देखा जा सकता है। प्रदेश में भी चंद्र ग्रहण की पूरी गतिविधि के वैज्ञानिक प्रयोग और शोध के लिए रिकॉर्ड किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में विशेष व्यवस्था की गई है। उधर, वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर होने वाली विश्व प्रसिद्ध मां गंगा की आरती इस बार चंद्रग्रहण के कारण विशेष रूप से दिन में सुबह 11 बजकर पैंतालीस मिनट पर सम्पन्न कराई गई। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में भी श्रीराम मंदिर और हनुमानगढ़ी पट दोपहर बारह बजकर तीस मिनट पर बंद कर दिए गए ।

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी–2025 का दूसरा चरण आज प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर संपन्न हुआ। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा की शुचिता के लिये सभी केन्द्रों पर स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ–साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन की तरफ से कुछ स्पेशल ट्रेने चलाई जा रही हैं जबकि परिवहन निगम ने ग्यारह हजार बसों के संचालन की व्यवस्था की है।

**********

वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में हाल ही में किए गए सुधार इस महीने की बाईस तारीख से लागू होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि नई जीएसटी दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों के साथ ही अब सभी मेडिकल डिवाइस और उपकरणों पर 18 प्रतिशत की जगह अब सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी ही लगेगा। वही, पट्टियों, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य जरूरी मेडिकल सामानों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। 33 जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। कैंसर, दुर्लभ रोग और बीमारियाँ तथा गंभीर बीमारियों के इलाज में काम आने वाली 3 दवाओं पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। ऋषि जायसवाल के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

चंदौली के पं दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल ने पितृपक्ष मेला 2025 के लिए गया जंक्शन जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए बड़ी कार्ययोजना बनाई है। आज से शुरू होकर 21 सितंबर तक चलने वाले इस मेले के दौरान स्टेशन परिसर में यात्री ठहराव का विस्तार, साफ सफाई का विशेष ध्यान, अतिरिक्त टिकट काउंटर बढ़ाने, दैनिक गाड़ियों के अलावा स्पेशल गाड़ियों के संचालन के साथ ही सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**********

गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज गरज और चमक के साथ हुई बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में प्रदेश के पूर्वी जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है।

**********